संख्या-2/2015/124जेड/6-सा-1-2015-61जी/85

प्रेषक,

भूपेन्द्र सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 01 अप्रैल, 2015

विषय:-उ0प्र0 राज्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को वर्तमान समय में मिल रही पेंशन में वृद्धि किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-869जेड/6-सा-1-14-61जी/85, दिनांक-25-06-2014 द्वारा राज्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को नियमानुसार प्रतिमाह रू0 8,811/- की धनराशि दी जा रही है :-

1-पेंशन	**रू0 3,150/-**
2-मंहगाई राहत (165 प्रतिशत)	**रू0 5,197/-**
3-विभिन्न प्रयोजनों हेतु अनुमन्य धनराशि	**रू0 464/-**
	योग रू0 8,811/-

(रू0 आठ हजार आठ सौ ग्यारह मात्र)

2- सम्यक् विचारोपरान्त राज्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों और उनके आश्रितों को प्रतिमाह दी जा रही धनराशि रू0 8,811/- में रू0 3,189/- की वृद्धि करते हुए रू0 12,000/- प्रतिमाह किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष् स्वीकृति प्रदान करते हैं। अत: राज्य स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को शासनादेश निर्गत होने की तिथि से रू0 12,000/- प्रतिमाह निम्न गणनानुसार भुगतान देय होगा:-

पेंशन	**रू0 4,350/-**
मंहगाई राहत (165 प्रतिशत)	**रू0 7,177/-**
विभिन्न प्रयोजनों हेतु अनुमन्य धनराशि	**रू0 473/-**
	योग रू0 12,000/-

(रू0 बारह हजार मात्र)

क्रमश: 2/-

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-28 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक- "2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण-आयोजनेत्तर-60-अन्य सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण कार्यक्रम-107-स्वतन्त्रता सैनिक सम्मान पेंशन योजना-03-स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों तथा उनके आश्रितों को पेंशन-33-पेंशन/अनुतोषिक/ अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-ई-12-403/दस-2015, दिनांक- 30 मार्च, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(भूपेन्द्र सिंह)
प्रमुख सचिव।

संख्या:2/2015/124(1)जेड/6-सा-1-2015, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2-निदेशक, पेंशन निदेशालय, उ0प्र0 इन्दिरा भवन, लखनऊ।
3-मुख्य लेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, नया केन्द्रीय कार्यालय भवन, शहीद भगत सिंह मार्ग, मुम्बई ।
4-समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0।
6- निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7- निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकी निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
8- निदेशक/सचिव, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ।
9- राजनैतिक पेंशन अनुभाग-2
10- वित्त (सामान्य)अनुभाग-3
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6/12
12- इन्चार्ज, एन0आई0सी0 नेट सेल, नवीन भवन, उ0प्र0 सचिवालय
13- गार्डबुक।

आज्ञा से,

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in